हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 7 मई 2025



तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 बंदोरा समाधान शिविर में 32 सौ से अधिक आवेदनों का हुआ निराकरण



## खबर संक्षेप

### प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति के लिए काउंसलिंग आज

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षक मोर्चा जिला जांजगीर-चांपा की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी ने रिक्त प्राथमिक प्रधानपाठक के 54 पदों पर आदेश जारी किया है। 1 अप्रैल की स्थिति में सहायक शिक्षक एल.बी. की अंतिम वरिष्ठता सूची के आधार पर वरिष्ठता क्रमांक 1 से 117 तक के शिक्षकों को विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के पश्चात प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत किया जा चुका है। अब वरिष्ठता क्रमांक 118 से 170 तक के 54 सहायक शिक्षकों को पदोन्नति के लिए बुधवार 7 मई को काउंसलिंग के माध्यम से चयनित किया जाएगा। इस संबंध में पात्र एवं अपात्र शिक्षकों की सूची संबंधित विकासखंडों को प्रेषित की जा चुकी है। काउंसलिंग प्रक्रिया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जांजगीर में संपन्न होगी।

### शिक्षक भर्ती में डीएड वाले का दूसरा काउंसलिंग शुरू करने की मांग

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर डीएड व डीएलएड अभ्यर्थी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक ब्यास कश्यप से भेंट कर सहायक शिक्षक पदों की काउंसलिंग प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखने की मांग की। प्रतिनिधियों में संजय कश्यप, अजय, सुरेश, पुष्पराज, थे। अभ्यर्थियों ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार शिक्षक भर्ती 2023 के तहत सहायक शिक्षक पदों की पंचम चरण की काउंसलिंग 2621 पदों पर सिर्फ डीएड वालों की काउंसलिंग की गई थी, जिसमें कॉमन मेरिट सूची 2 जुलाई 2023 के आधार पर केवल 49.9 प्रतिशत (1299)अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। इसके चलते लगभग 1316 पद रिक्त रह गए हैं। इन रिक्त पदों के लिए काउंसलिंग की वैधता अवधि 1 जुलाई तक है, किंतु यदि समय पर यह प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होती, तो पुनः वैधता समाप्त होने की स्थिति बन जाएगी और 2621 पद पर डीएड वाले का नियुक्ति नहीं होती है तो सर्वोच्च न्यायालय की अवहेलना होगा। विधायक ब्यास कश्यप ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

### गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का शुभारंभ आज

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय गोसंवर्धन समिति, छत्तीसगढ़ प्रांत के तत्वावधान में गौग्राम जनजागरण यात्रा का शुभारंभ आज से कात्रेनगर में किया जाएगा, जो 12 मई को समाप्त होगा। यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गौसेवा, जैविक खेती, पंचगव्य उत्पाद, स्वदेशी विचार और आत्मनिर्भर गौग्राम की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा के दौरान जनसभाएं, प्रदर्शनी, संवाद कार्यक्रम, गो-कथा और ग्रामवासियों के अनुभव साझा करने जैसे आयोजन होंगे। मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक ग्राम में ग्रामीणों को पंचगव्य से जैविक खेती, गो आधारित रोजगार, और स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर जागरूक किया जाएगा। यात्रा में महिला समूह, युवाओं, कृषकों और गौपालकों की भागीदारी विशेष रूप से सुनिश्चित की गई है। राष्ट्रीय गोसंवर्धन समिति के प्रांत प्रमुख ने बताया कि यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि ग्रामीण नवजागरण की दिशा में एक मजबूत पहल है।

### आत्मानंद स्कूल पामगढ़ में लॉटरी प्रक्रिया से होगा चयन

**पामगढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ में 2025- 26 सत्र हेतु कक्षा पहली में प्रवेश के लिए निर्धारित सीट से अधिक आवेदन आने के कारण लॉटरी प्रक्रिया से चयन किया जाएगा। प्रवेश के लिए लॉटरी 9 मई को सुबह 10 बजे निकाली जाएगी। लॉटरी की प्रक्रिया स्कूल में की जाएगी। बताया जाता है कि निर्धारित से अधिक आवेदन आने के कारण लॉटरी पद्धति रखा गया है।

## अधिकांश गांवों में सूखे ताल तलैया, निस्तारी की हो रही समस्या

# चार महीने बही नहर की धार फिर भी नहीं भर पाए तालाब



नहर की धार हुई बंद



ग्राम पंचायत खोखरा में कम होने लगा तालाब का जल स्तर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में हसदेव बांगो नहर की धार पूरे 4 महीने तक बहती रही, फिर भी जिले के अधिकांश ताल तलैया नहीं भर पाए है। ऐसे में भीषण गर्मी के साथ जल स्तर में हो रही निरंतर गिरावट से निस्तारी की समस्या होने लगी है। खास बात यह है कि बीते दिनों से नहर की धार थम गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में जल संकट और भी गहराते जाएगा। इसको लेकर जिम्मेदार विभाग के साथ जनप्रतिनिधि भी गंभीर नजर नहीं आ रहे है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले में ग्रीष्म कालिन धान की फसल लगाने के लिए बडे पैमाने पर पानी नहर के माध्यम से दिया गया था। ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान गर्मी के दिनो में डबल फसल लगा सके। वही राज्य शासन के आदेश के अनुसार जलसंसाधन विभाग के द्वारा बुधवार 30 अप्रैल को नहर की धार बंद कर दी गई है। खेतो में पानी पहुंचाने का कार्य जनवरी से अप्रैल महीने के बीच दिया गया। ऐसे में अब नहर की धार बंद होने के बाद किसानो को जहां धान की फसल लगाई गई है वहां के किसान पानी की समस्या को लेकर परेशान हो रहे है। जांजगीर चाम्पा जिले के पामगढ, अकलतरा, नवागढ क्षेत्र मे जहां ग्रीष्म कालिन धान की फसल लगाने को लेकर पानी करीब 4 साल से मिल रहा था। वही इस साल बम्हनीडीह एवं बलौदा ब्लाक में भी ग्रीष्म कालिन धान की फसल लगाने के लिए पानी दिया गया था। वही अब तय सीमा समाप्त होने के बाद बुधवार से नहर की धार बंद कर दी गई है। जिसके चलते किसानो की दिक्कते बढ गई है। कई क्षेत्रो में अब भी ग्रीष्मकालिन धान की फसल को पानी की दरकार बनी हुई है। इसके अलावा जब जनवरी से अप्रैल महीने के दौरान जहां नहरो में पानी छोडा गया था। इस दौरान ग्रामिण क्षेत्रो में रहने वाले लोगो की निस्तारी सुविधाओ को ध्यान में रखकर तालाबो में पानी भरा जाना चाहिए था। लेकिन तालाबो को भरने पर ध्यान तक नही दिया गया। जिसके चलते इस भीषण गर्मी के दिनो में लोगो को पेयजल की समस्या से जुझना पड सकता है। प्रदेश में मानसून को दस्तक देने में करीब महीने भर से भी अधिक का समय बाकि है। प्रदेश के साथ साथ जांजगीर चाम्पा जिले में मई एवं 15 जून के बीच करीब डेढ महीने भीषण गर्मी पडती है। जिसके कारण लोगो को पेयजल सहीत निस्तारी की समस्या से जुझना पड सकता है। इसको लेकर जिम्मेदार विभाग के साथ जनप्रतिनिधि भी गंभीर नजर नहीं आ रहे है। जिसके चलते आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निस्तारी समस्या से जूझना पड़ सकता है।

### बंद हुई नहर की धार

शासन के आदेश के अनुसार नहर में 30 अप्रैल तक पानी दिया गया। तालाबो मे निस्तारी के लिए पानी भरे जाने को लेकर जिम्मेदार प्रतिनिधियो को आदेशित किया गया था।

**-शशांक सिंह,**
कार्यपालन अभियंता
जलसंसाधन विभाग



जांजगीर नैला रेलवे फाटक।

# नहीं बनी बात, नैला आरओबी की मांग को लेकर आंदोलन आज

## चेतावनी पर विधायक को मनाने पहुंचे रेलवे के अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नैला रेलवे फाटक में जाम की समस्या को लेकर विधायक ब्यास कश्यप द्वारा दी गई धरना प्रदर्शन की चेतावनी के बाद रेलवे के अफसर आनन फानन में पहुंचे। इस दौरान विधायक को समझाईश दी गई, लेकिन उन्होंने उनकी बातों से सिरे से नकारते हुए लिखित आश्वासन पर अड़े रहे। ऐसे में उनकी बात नहीं बनी और विधायक ने तय कार्यक्रम के अनुसार 7 मई को आंदोलन करने की तैयारी हो रही है।

गौरतलब है कि नैला से बलौदा सरखों मार्ग पर रेलवे फाटक इन दिनों समस्याओं का पर्याय बन गया है। यहां ओव्हरब्रिज निर्माण की मांग लंबे समय से हो रही है और इसको लेकर यहां जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार रेलवे प्रशासन को अवगत कराया गया है। बावजूद इसके इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी। ऐसे में विधायक ब्यास कश्यप ने पिछले दिनों ज्ञापन सौंपकर बुधवार 7 मई को रेलवे ओव्हरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। इस पर रेलवे के अधिकारी आनन फानन में विधायक से मिलने पहुंचे। बताया जाता है कि यहां उन्होंने आश्वासन देते हुए आंदोलन नहीं करने का आग्रह किया, लेकिन विधायक कश्यप का कहना था कि मौखिक बातचीत में कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने रेलवे के अफसरों को लिखित में देने को कहा। इसको लेकर बात नहीं बनी। विधायक का कहना है कि कई बार रेलवे के उच्च अधिकारियों से लेकर जिले के कलेक्टर तक इस समस्या का हल के लिए लोगों ने मांग रखी, लेकिन समस्या का हल नहीं हो पाया। वर्षों से यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। अब जब विधायक जनता के साथ मुखर होकर रोड में बैठने को मजबूर हो गई है तब अफसर को ध्यान आया है। विधायक कश्यप ने बताया कि 7 मई को जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ वे सुबह 10 बजे से धरना प्रदर्शन में बैठेंगे। बताया जाता है कि नैला रेलवे फाटक में जाम की समस्या आम बात हो गई है। यहां आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत



शव के पास विलाप करती पत्नी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

क्रेशर खदान के रैंप में ट्रैक्टर ले जाते समय ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम किरारी की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम किरारी निवासी सत्यनारायण यादव उम्र 35 वर्ष पिता गदला यादव सासाराम क्रेशर खदान में ट्रैक्टर चलाने का कार्य करता था। मंगलवार 6 मई की शाम 5 बजे सत्यनारायण यादव खाली ट्रैक्टर लेकर खदान के नीचे रैंप से जा रहा था तभी वह खदान के पास स्थित गड्ढे में ट्रैक्टर सहित गिर गया जिसके चलते उसे गंभीर चोटें आई। खदान के अन्य श्रमिकों के द्वारा सत्यनारायण यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। सतनारायण यादव के मौत की खबर सुनकर परिजनों एवं किरारी के लोगों में आक्रोश फैल गया एवं सभी लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सासाराम क्रेशर खदान से किसी भी व्यक्ति के नहीं पहुंचने एवं क्रेशर खदान मालिक के द्वारा सहयोग नहीं किए जाने से आहत होकर परिजनों एवं ग्राम वासियों के द्वारा सत्यनारायण यादव के शव को सासाराम क्रेशर ले जाकर मुआवजे की में मांग की जा रही है।

### दो मासूम बच्चों के सर से उठा पिता का साया

किरारी में हुए घटना में सतनारायण यादव की मौत होने से उसके 2 वर्षीय एवं 5 वर्षीय बालिकाओं के सर से पिता का साया उठ गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सत्यनारायण यादव की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## परेशानी...

**अकलतरा।** अकलतरा नगर में बीते लंबे समय से नगर के मुख्य बाजार और आजाद चौक से लेकर शास्त्री चौक और ओवरब्रिज तक जाम की समस्या बनी हुई है। शादी के मौसम में लोगों का गांव से शहर में खरीदारी के लिए आने पर नगर में जाम की समस्या और भी बढ़ गई है। नगर में ओवरब्रिज पर रोजाना अवैध पार्किंग के कारण गाड़ियों की लंबी-लंबी लाइन लगती है। ओवर ब्रिज पर खड़ी गाड़ी के कारण ही लोगों को जाम में फंसना पड़ता है, अकलतरा थाना प्रभारी के द्वारा इन गाड़ियों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही। आज तक ओवर ब्रिज पर खड़े किसी भी गाड़ी का अवैध पार्किंग के रूप में चालान नहीं किया गया है। साथी नगर के मुख्य सड़कों पर चार पहिया वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से भी जाम की स्थिति बनती है। सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन ने जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका प्रशासन और पुलिस विभाग से इस समस्या को जल सुलझाने निवेदन किया है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस समस्या के समाधान में नगर पालिका परिषद और पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से मौन है।



# नाबालिग बालिका से दैहिक शोषण-आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दैहिक शोषण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा का है।

इस संबध में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विवेक शुक्ला के निर्देशन में अज्ञात आरोपी की लगातार पतातलाश किया जा रहा था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में मुखबिर सूचना मिला कि आरोपी दुर्गेश गढ़वाल निवासी कोसमंदा के द्वारा नाबालिक बालिका को अपने साथ रायगढ़ तरफ ले गया था और कुछ दिन साथ रखने के बाद अपृहता को छोड़कर फरार हो गया है। इस दौरान मिले सूचना के आधार पर आरोपी की पतासाजी में जुट गई। आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बहला फुसलाकर कर भगा ले जाकर दैहिक शोषण करना जुर्म स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# 169वें दिन भी आंदोलन पर डटे रहे मड़वा पॉवर प्लांट के भू-विस्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर भू विस्थापितों का आंदोलन 169वें दिन भी जारी रहा।

ज्ञात हो कि नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर मड़वा पॉवर प्लांट अंतर्गत आने वाले भू विस्थापित सोमवार 14 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे है। अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण में बहुत ही कम दाम पर 3 लाख 64 हजार रुपए में ली गई थी। भू-विस्थापितों को 2007 पुर्नवास नीति के तहत नौकरी एवं उनके सह खातेदारों को जब तक नौकरी नहीं दी जाती है, तब तक निर्वहन भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अभी भी भू-विस्थापितों को नौकरी नहीं दी गई और नहीं निर्वहन भत्ता दिया जा रहा है। इन्ही मुद्दों को लेकर मड़वा ताप विद्युत कामगार एवं भू-विस्थापित श्रमिक संघ एटक के द्वारा 169वें दिन भी आंदोलन जारी रहा। उनका कहना है कि मांग पूरा नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## जांजगीर जिले में सड़क निर्माण में देरी पर जताई नाराजगी, जनहित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# तीन जिलों के अफसरों की सीएम ने ली मैराथन बैठक, कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अफसरों की बैठक लेते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

जिले के जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में तीन जिलों जांजगीर-चांपा, सक्ती एवं कोरबा में संचालित शासकीय योजनाओं, निर्माण कार्यों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने बीते वित्तीय वर्ष में बजट में जिले में स्वीकृत सड़कों की मंजूरी में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राज्य सरकार के सुशासन तिहार के तीसरे चरण के शुरूआत के पहले दिन सक्ती, कोरबा जिले के भ्रमण के बाद जांजगीर-चांपा पहुंचे थे। जहां उन्होंने तीनों जिलों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ प्रदेश में सुशासन स्थापित करने का काम कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार के दो चरण पूर्ण होने के बाद तीसरा चरण की शुरुआत आज से हुई है। कलेक्टर, एसपी और अच्छा काम करें। अधिकारी ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इलाकों का दौरा करें। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि जनहित के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिले में इसके लिए सीधे कलेक्टर और एसपी जिम्मेदार होंगे।बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण बस सुविधा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी कलेक्टरों को जिलेवार रूट निर्धारण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने संस्थागत प्रसव, सिकलसेल स्क्रीनिंग तथा जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आय, जाति एवं निवास प्रमाणपत्र सत्र प्रारंभ होते ही वितरित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने राजस्व रिकॉर्ड, स्वामित्व योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना इत्यादि की प्रगति की समीक्षा करते हुए हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य को जेनेरिक दवाइयों के उपयोग हेतु जागरूक किया जाए एवं चिकित्सकों को मरीजों को जेनेरिक दवाएं लिखने हेतु प्रेरित किया जाए, जिससे जनऔषधि केन्द्रों से रियायती दर पर दवाएं प्राप्त की जा सकें। कृषि विभाग को फसल चक्र परिवर्तन के तहत मूँगफली की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए उन्होंने खाद-बीज भंडारण एवं वितरण की तैयारी की भी समीक्षा की।

# पंचायत सचिव के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर सीईओ से फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



सीईओ को ज्ञापन सौंपते शिकायतकर्ता

ग्राम पंचायत अर्जुनी के निवासी सूरज भारती द्वारा संपत्ति कर प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने पर पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

शिकायतकर्ता सूरज भारती ने बताया कि अपने निजी बैंकिंग कार्यो के लिए ग्राम पंचायत अर्जुनी से संपत्ति कर प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कई बार उनके ग्राम पंचायत कार्यालय एवं उनके निवास ग्राम खपरीडीह व खिसोरा में मुलाकात किया गया, लेकिन पंचायत सचिव ने संपत्ति कर प्रमाण पत्र देने से साफ साफ इंकार करते गया। इसके अलावा उनके द्वारा राशि की भी मांग की जाती थी और दुव्यर्वहार किया जाता था। इस बात का ग्राम पंचायत अर्जुनी के सरपंच कामता प्रसाद रात्रे, उपसरपंच अजीत बंजारे एवं ग्रामवासी भी साक्ष्य है। पंचायत सचिव के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# मेट गाला के रेड कारपेट पर सबसे ज्यादा चमकीं प्रियंका

## ये भारतीय सेलेब्स भी हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** न्यूयॉर्क का मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट हर साल मई के पहले सोमवार को फैशन की दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव 'मेट गाला' आयोजित करता है। भारतीय समयनुसार इसे मंगलवार 6 मई को सुबह 3:30 बजे देखा जा सकता है। इस साल मेट गाला भारतीय सिनेमा और फैशन के लिए खास होने वाला है। क्योंकि, बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से लेकर अभिनेत्री कियारा आडवाणी तक, कई भारतीय सितारे रेड कारपेट पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।



### सबसे पहले शामिल हुईं प्रियंका

मेट गाला में भारतीय सितारों की बढ़ती हिस्सेदारी भारत के ग्लोबल सॉफ्ट पावर को दिखाता है। प्रियंका चोपड़ा ने 2017 में इसकी शुरुआत की और तब से भारतीय डिजाइनरों जैसे सब्यसाची, प्रबल गुरुंग, राहुल मिश्रा और गौरव गुप्ता ने वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। इस साल शाहरुख खान और दिलजीत दोसांझ जैसे एक्टर्स की एंट्री 'इंडियन मेन फैशन' को भी ग्लोबल स्पॉटलाइट में लाएगी। कियारा आडवाणी का मेटरनिटी लुक एक फैशन स्टेटमेंट होगा। वहीं, प्रियंका का लगातार पांचवीं बार शामिल होना उनकी ग्लोबल स्टारडम और फैशन सेंस को पेश करेगा।

### 2017 से अब तक शामिल हुए कई सितारे

#### ट्रेंच कोट ड्रेस में किया डेब्यू

*2017:* प्रियंका ने राल्फ लॉरेन के ट्रेंच कोट ड्रेस में डेब्यू किया, जिसमें लंबी ट्रेल थी। उनके साथ निक जोनस भी थे और यह उनकी लव स्टोरी की शुरुआत थी।

*2018:* थीम 'हैवनली बॉडीज' के लिए उन्होंने राल्फ लॉरेन की मरून वेलवेट गाउन और गोल्ड बीज्ड हुड पहना था।

*2019:* 'कैंपः नोट्स ऑन फैशन' थीम में प्रियंका ने डायर की सिल्वर गाउन और सिल्वर-फ्रॉस्टेड मेकअप के साथ सबको चौंकाया था।

*2023:* वालेंटिनो की ब्लैक गाउन और बुल्गारी जूलरी में प्रियंका थीम 'कार्ल लेगरफेल्डः ए लाइन ऑफ ब्यूटी' में छा गई थीं।

#### सिल्क स्लिप ड्रेस पहनी थी

*2017:* दीपिका ने प्रबल गुरुंग की सिल्क स्लिप ड्रेस पहनी थी।

*2018:* 'हीवेनली बॉडीज' थीम में दीपिका ने प्रबल गुरुंग की रेड गाउन में स्टनिंग लुक दिया।

*2019:* 'कैंप' थीम में दीपिका ने जैक पॉसन की बार्बी-इंस्पायर्ड पिंक गाउन में सबका ध्यान खींचा था।

#### ईशा अंबानी

*2017:* ईशा ने क्रिश्चियन डायर की गाउन में डेब्यू किया।

*2024:* थीम 'द गार्डन ऑफ टाइम' में उन्होंने प्रबल गुरुंग की साड़ी-गाउन में भारत के ट्रेडिशन को ग्लोबल स्टेज पर पेश किया।

### 2025 में भारतीय सितारे

इस साल मेट गाला में भारतीय सितारों की मौजूदगी ऐतिहासिक होगी। आइए, जानते हैं कौन-कौन शामिल हो रहा है और उनके लुक्स की क्या खासियत होगी...

*शाहरुख खान :* बॉलीवुड के किंग खान पहली बार मेट गाला में डेब्यू करेंगे और वह पहले भारतीय पुरुष अभिनेता होंगे, जो इस रेड कारपेट पर चलेंगे। शाहरुख मशहूर डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी के डिजाइन किए हुए आउटफिट में नजर आएंगे। न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी एयरपोर्ट पर उनकी तस्वीरें पहले ही वायरल हो चुकी हैं।

*कियारा आडवाणी :* अभिनेत्री कियारा भी मेट गाला में पहली बार शामिल होंगी और अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान इस रेड कारपेट पर मैटरनिटी फैशन का जलवा बिखेरेंगी। वह डिजाइनर गौरव गुप्ता के स्कल्पचरल आउटफिट में नजर आएंगी, जो थीम के साथ उनकी खूबसूरती को और निखारेगा। कियारा ने न्यूयॉर्क में अपने होटल से एक छोटे से ब्लैक आउटफिट के केक की तस्वीर शेयर कर अपने लुक का हिंट दिया है।

*प्रियंका चोपड़ा :* मेट गाला की मेहमान प्रियंका इस बार अपनी पांचवीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी, वह मेट गाला में सबसे ज्यादा शामिल होने वाली भारतीय कलाकार हैं। इस बार वह फ्रेंच फैशन हाउस बालमैन के डिजाइनर ओलिवियर रूस्टिंग के साथ रेड कारपेट पर चलेंगी और बुल्गारी के हाई-जूलरी कलेक्शन से सजी होंगी।

*दिलजीत दोसांझ :* पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ भी मेट गाला में पहली बार हिस्सा लेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'फर्स्ट टाइम' लिखकर और मेट गाला का बैग दिखाकर अपने डेब्यू की पुष्टि की। दिलजीत के फैशन सेंस को देखते हुए, फैंस को उनके पंजाबी स्टाइल और ग्लोबल फैशन के फ्यूजन की उम्मीद है।




### मेट गाला क्या है?

मेट गाला को 'फैशन का ऑस्कर' भी कहा जाता है, न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट के लिए फंड जुटाने वाला एक वार्षिक आयोजन है। 1948 में शुरू हुआ यह इवेंट पहले एक साधारण डिनर पार्टी था, लेकिन अब यह फैशन, कला और संस्कृति का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। हर साल एक खास थीम के इर्द-गिर्द सितारे अपने डिजाइनर आउटफिट्स में रेड कारपेट पर अनोखे अंदाज में नजर आते हैं। यह आयोजन न केवल फैशन की दुनिया में नए ट्रेंड्स सेट करता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर भी चर्चा का केंद्र बनता है। पिछले साल इस इवेंट ने म्यूजियम के लिए 26 मिलियन डॉलर से ज्यादा की राशि जुटाई थी।

### इस साल की थीम और ड्रेस कोड...

***इस साल मेट गाला की थीम है :*** 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल्स'। जो ब्लैक फैशन शैली और उनके सांस्कृतिक प्रभाव पर आधारित है। यह थीम मोनिका एल. मिलर की किताब स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी से ली है। यह थीम 18वीं सदी के यूरोपीय फैशन से लेकर आधुनिक समय तक ब्लैक डैंडीइज्म की यात्रा को दिखाएगी, जिसमें रंगों, सिल्हूट्स और एक्सेसरीज जैसे टोपी, छड़ी, ब्रोच और पॉकेट स्क्वायर की बारीकियों पर जोर होगा। ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' मेहमानों को ट्रेडिशनल मेल ड्रेस में रचनात्मक बदलाव करने की आजादी देता है।



# 9 मई को रिलीज होगी 'भूल चूक माफ'

**मुंबई।** हाल ही में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की बहुचर्चित फिल्म 'भूल चूक माफ' का बोनस ट्रेलर निर्माताओं द्वारा रिलीज किया गया है, जो दर्शकों के लिए एक तोहफा है। इस ट्रेलर में अभिनेता अपनी शादी के लिए तमाम उपायों को करते नजर आ रहे हैं और वह अपनी हल्दी की ही रश्म में फंसे दिख रहे हैं। करण शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के अलावा सीमा पाहवा अहम किरदार में हैं। एक मिनट 21 सेकेंड के इस बोनस ट्रेलर की शुरुआत में वामिका शादी के लिए राजकुमार राव को भगा लाती हैं। इसके बाद 'ट्रेलर में राजकुमार राव शादी करने के लिए तमाम उपायों को करते नजर आते हैं, जैसे सरकारी नौकरी खोजना, गाय को रोटी के साथ गुड़ खिलाना आदि।




# 10 नए चेहरों को लांच करेंगे आमिर...

**मुंबई।** 2007 की सुपरहिट फिल्म 'तारे जमीन पर' का सीक्वल है 'सितारे जमीन पर'। 'सितारे जमीन पर' का पहला पोस्टर देखते ही फैंस में फिल्म को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर में आमिर खान के साथ 10 नए चेहरे भी नजर आए, जिससे साफ है कि फिल्म की कहानी से लेकर स्टार कास्ट भी अनोखी होगी। इन 10 एक्टर्स में अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर शामिल हैं। आमिर खान 2025 में बॉलीवुड में वापसी कर रहे हैं। उन्हें आखिरी बार 2022 में फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में देखा गया था। अब वह 'सितारे जमीन पर' लेकर आ रहे हैं।

# धर्मेंद्र ने शायरी के जरिए बताया जिंदगी का पाठ...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं और अपने किरदार से लोगों का दिल जीता। वह फिल्मों और अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। हिंदी सिने जगत के इस बड़े स्टार ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को खास संदेश देते दिखे। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह अपने घर में बैठे दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने ब्लैक कलर की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वीडियो में वह कैमरे की ओर देखते हुए एक शेर पढ़ते हैं, जो उर्दू और हिंदी में है। एक्टर कहते हैं, 'मौका दिया मुकद्दर ने, दिल दिमाग एक हुए... नेकी भी साथ हुई, मेहनत और मशक्कत की मंजिलें तय होती गई... और हम सुर्खुरू हुए।' इस शेर का मतलब यह है कि किस्मत से तो बहुत कुछ तय होता है, लेकिन मेहनत जरूरी है, जिंदगी में अच्छा व्यवहार और नीयत रखना भी उतना ही जरूरी है, तभी इंसान सम्मान का हकदार होता है। उनके इस वीडियो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। बेटी ईशा देओल ने कमेंट में रेड हार्ट इमोजी भेजे। कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी ने भी कमेंट में रेड हार्ट इमोजी की झड़ी लगा दी। वहीं, एक यूजर ने कमेंट में उनके लिए एक शेर लिखा – 'मेहनत वो चिंगारी है जो तकदीर के अंधेरे को भी रोशन कर देती है आपके हर कतरा-ए-पसीने में एक नया सवेरा छुपा है!'



### अभी भी फिल्मों में हैं सक्रिय

हाल ही में बेटी ईशा ने पापा धर्मेंद्र और मां हेमा को शादी की 45वीं सालगिरह की बधाई दी थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें धर्मेंद्र और हेमा अपनी दोनों बेटियों ईशा और अहाना के साथ दिखे। ईशा ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी एनिवर्सरी मम्मा और पापा। आप मेरी दुनिया हैं। मैं आपसे प्यार करती हूं।' धर्मेंद्र अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2024 में कृति सेनन और शाहिद कपूर स्टारर 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।

## टीवी मसाला



# गौतमी कपूर ने किया था छेड़छाड़ का सामना

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस गौतमी कपूर के साथ बहुत कम उम्र में छेड़छाड़ की घटना हुई थी।एक अजनबी शख्स ने उनके साथ बस में गंदी हरकत की थी। इस घटना ने एक्ट्रेस को बहुत डरा दिया था और फिर वह तुरंत बस से उतर गई थीं। उस वक्त गौतमी लगभग 12 साल की थीं। हाल ही में गौतमी कपूर ने उन्होंने अपने स्कूल के दिनों में हुई इस घटना का जिक्र किया और बताया कि उस वक्त उनकी मां ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया था। इसके अलावा मां ने उन्हें गलत के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही थी। एक्ट्रेस ने कहा कि वह मुंबई से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं। उनका मानना है कि मुंबई काफी सुरक्षित है और इस शहर ने उन्हें सब कुछ दिया है। गौतमी ने यह भी बताया कि अपने कॉलेज के दिनों में वह बस से सफर करती थीं। दरअसल, वह पांच साल की उम्र से ही बस से ट्रैवल कर रही थीं, क्योंकि उनके परिवार के पास कोई गाड़ी नहीं था। इंटरव्यू के दौरान गौतमी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी कोई अप्रिय घटना का सामना किया है, तो उन्होंने बताया, 'यह तब हुआ जब मैं छठी क्लास में थी। एक आदमी ने पीछे से मेरी पैंट के अंदर हाथ डाल दिया था। मैं बहुत छोटी थी, इसलिए मुझे समझने में कुछ समय लगा कि क्या हो रहा है। मैं बहुत डर गई थी और तुरंत बस से उतर गई। पूरी सिचुएशन को समझने में मुझे 15-20 मिनट लगे। मैं यही सोचती रही कि क्या वह आदमी मेरा पीछा कर रहा है। गौतमी ने बताया कि जब यह घटना हुई, तब वह अपने स्कूल की यूनिफॉर्म में थी. उन्होंने कहा, 'जब मैं घर पहुंची तो अपनी मां को इस बारे में बताने से बहुत डर रही थी। मुझे लगा कि वह मुझे डांटेंगी। जब मैंने उन्हें बताया तो उन्होंने कहा कि क्या तुम पागल हो? तुम्हें मुड़कर उसे थप्पड़ मारना चाहिए था या उसका कॉलर पकड़ लेना चाहिए था। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर कोई ऐसा कुछ करे, तो उसका हाथ कसकर पकड़ लो, जोर से चिल्लाओ और कभी घबराओ मत। अगर तुम्हें डर लगे, तो अपने पास पेपर स्प्रे रखो और उसे उनके चेहरे पर छिड़क दो या फिर अपना जूता उतारकर मारो। तुम्हें कुछ नहीं होगा। बिल्कुल भी नहीं डरना चाहिए।

# टी-सीरीज के साथ मिलकर भक्ति संगीत को बढ़ावा देंगे मनोज मुंतशिर...



***मुंबई।*** *टी-सीरीज ने मनोज मुंतशिर और उनकी पत्नी निर्माता नीलम मुंतशिर शुक्ला के साथ सहयोग करने का फैसला किया है। टी-सीरीज ने प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो सनातन भक्ति संगीत को समर्पित है। टी-सीरीज और प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के बीच का यह सहयोग सनातन धर्म को समर्पित है। यह संगीत के माध्यम से भारत की कालातीत आध्यात्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। इसके साथ टी-सीरीज गुलशन कुमार भजन परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी। भक्ति संगीत की परंपरा को आगे ले जाने के अलावा 'प्रार्थना - द साउंड ऑफ सनातन' नई और उभरती हुई संगीत प्रतिभाओं को मंच भी देगा। यह लेबल सक्रिय रूप से नई आवाजों और संगीतकारों की तलाश करेगा और उन्हें बढ़ावा देगा जो भक्ति संगीत के प्रति लगाव रखते हैं। साथ ही भारत की संस्कृति को बढ़ाने के प्रयास में हैं। इस सहयोग को लेकर भूषण कुमार ने कहा, 'इस साझेदारी के जरिए हम अपने पिता गुलशन कुमार जी के भक्ति संगीत को सेवा के रूप में देखने के नजरिए का सम्मान करते हैं। हम एक ऐसी जगह बनाने के लिए उत्साहित हैं जहां परंपरा और नई प्रतिभा दोनों ही एक साथ रह सकें।*

## एक्टर के निधन पर काका ने कही थी दिल छू लेने वाली बात

# संजीव कुमार और राजेश खन्ना के बीच थी कोल्ड वॉर

***नई दिल्ली।*** *राजेश खन्ना और संजीव कुमार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे शानदार एक्टर्स माने जाते हैं। दोनों ने ही अपने कॅरियर की शुरुआत लगभग साथ में ही की थी। फिल्मी दुनिया के इस सफर में एक सुपरस्टार बन गया और दूसरा अलग और जानदार किरदारों से तारीफें बटोरता रहा। दोनों इंडियन थिएटर असोसिएशन से जुड़े हुए थे। नाटकों में काम कर रहे थे। एक ही समय के दो टॉप के एक्टर्स ,लेकिन दोनों के बीच न तो दोस्ती हुई और न ही दुश्मनी। हां, एक -दूसरे के व्यवहार से जरूर दिक्कतें होती थीं। इनके बीच की कोल्ड वॉर कभी खुलकर सामने नहीं आई।*

### राजेश की गर्लफ्रेंड से जुड़ा था संजीव का नाम

एक और रिपोर्ट के मुताबिक उन दिनों अंजू और संजीव कुमार के बीच अच्छा रिश्ता बन गया था, जिससे राजेश खन्ना को दिक्कतें होने लगी थी। इस बारे में खुद एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यू में बात करते हुए संजीव कुमार के साथ अपने रिश्ते को बेबुनियाद बताया था।



### संजीव कुमार को घमंडी लगते थे काका

रिपोर्ट के मुताबिक संजीव कुमार को राजेश खन्ना घमंडी लगते थे। दरअसल, ये वो वक्त था जब राजेश खन्ना की जिंदगी में एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू थीं। काका अक्सर उनसे मिलने फिल्मों के सेट पर जाया करते थे। उन दिनों अंजू, संजीव कुमार के साथ फिल्म महंगा सौदा नाम की फिल्म में काम कर रही थीं। हर बार की तरह राजेश खन्ना, अंजू से मिलने सेट पर आते थे, प्रेमिका से मुलाकात करते और चले जाते थे। काका का ये बर्ताव फिल्म के सेट पर किसी को भी पसंद नहीं था। संजीव कुमार इन्हीं कुछ वजहों के चलते उन्हें घमंडी भी समझते थे।

### फिर भी साथ में किया काम

राजेश खन्ना और संजीव कुमार के बीच चल इस कोल्ड वॉर के बाद भी दोनों ने जीपी सिप्पी की फिल्म बंधन में साथ काम किया। दोनों एक-दूसरे के साथ प्रोफेशनल तारीके से पेश आए। ऐसी भी खबरें थीं कि फिल्म आनंद में अमिताभ बच्चन का किरदार संजीव कुमार निभाने वाले थे। लेकिन, राजेश खन्ना ने एक्टर की परफॉरमेंस के डर से वो रोल अमिताभ बच्चन को दिया गया। फिल्म आनंद के दौरान वाली इस घटना को उनकी गर्लफ्रेंड रही एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू ने स्वीकार किया था। एक्ट्रेस ने बताया था कि राजेश खन्ना हमेशा से संजीव कुमार से इनसिक्योर महसूस करते थे। हालांकि, इसके बाद दोनों ने फिल्म आपकी कसम में साथ में काम किया था।

### अंतिम विदाई

ऐसी भी खबरें हैं की जब संजीव कुमार का निधन हुआ तो राजेश खन्ना अपनी सभी फिल्मों की शूटिंग छोड़कर उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। एक्टर ने संजीव कुमार के अंतिम विदाई के दौरान कहा था, 'मैं अपने प्रिय सहकर्मी को श्रद्धांजलि देने आया हूं। हरिभाई (संजीव कुमार) एक बेहतरीन एक्टर थे, एक एक्टर के एक्टर।'

6 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 5/6/2025 9:48 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा आवश्यक



**फगुरम।** ग्राम पंचायत बड़ेमुड़पार में पंचायत द्वारा निःशुल्क ट्यूशन क्लास की शुरुआत की गई। सरपंच दिलदार खूंटे ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने वाला हर एक व्यक्ति शिक्षित होकर समाज को शक्तिशाली बनाता है। शिक्षा ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए अतिआवश्यक औजार है। बच्चों की नींव मजबूत होगी तो उनकी भविष्य की ईमारत सुनहरा व सुदृढ़ होगी। समाज में शिक्षा को विशेष जरूरी मानकर स्वयं तथा अन्य शिक्षक सहयोगी गण मिलकर गांव में निःशुल्क ट्यूशन क्लास की शुरुआत किए हैं जहां 6वीं से 12वीं तक के बच्चों को गणित तथा अंग्रेजी विषय पढ़ाया जा रहा है। शिक्षण कार्य के लिए बेहतर मार्गदर्शकों की व्यवस्था की गई है। 2 मई को हुई शुरुआत से 30 बच्चों ने अपना नाम दर्ज करा कर शिक्षा का लाभ ले रहे हैं। वहीं बच्चों ने बताया हमें बेहतर शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। सरपंच श्री खूंटे ने पलकों से कहा कि आप अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें व ट्यूशन क्लास भेजें जिससे बच्चों को अपना बेहतर भविष्य गढ़ने में सहायता मिलेगा।

## एटीएम कार्ड से एक दिन में 25 हजार निकाल सकते हैं किसान

**सक्ती।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैक मर्यादित बिलासपुर शाख सक्ती में पर्याप्त मात्रा में एटीएम कार्ड उपलब्ध है जिसे बैक शाखा से लगातार वितरण किया जा रहा है। शाखा प्रबंधक शैलेश कुमार तिवारी ने किसानो से अपील किया है बैक शाखा एवं अपनी सेवा सहकारी समितियों में जाकर एटीएम का फार्म लेवे तथा आधार कार्ड की छाया प्रति, मोबाइल नंबर संपूर्ण पता फार्म में भरकर जमा कर एटीएम प्राप्त करें। साथ ही प्रति माह प्रति किसान एक दिन में 25000 तक कि सुविधा किसी भी एटीएम से निकाल सकते हैं। एक्सिस बैंक से 5 बार की लिमिट है प्रति माह एवं अन्य बैंक से 3 बार की लिमिट है प्रति माह। उसके बाद एटीएम से चार्जेस लगेगा। सेवा सहकारी समिति में भी माइक्रो एटीएम उपलब्ध है वहां से भी किसान प्राप्त कर सकता है जिसमें किसी भी प्रकार का कोई चार्जेस नहीं लगेगा।

## आईटीआई से सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**मालखरौदा।** आईटीआई मालखरौदा में कार्यरत रामरतन लाठियां सहायक ग्रेड 3 के पद से 30 अप्रैल को रिटायर हुए। इस अवसर पर आईटीआई परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां सभी ने फुल माला व तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। श्री लाठिया 1997 से लगातार 28 वर्षों तक आईटीआई में सेवा देते रहे। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी गिरवर सिदार ने कहा कि श्री लाठियां आईटीआई का मजबूत आधार स्तंभ थे। उनकी कमी सभी को हमेशा खलती रहेगी सभी ने उनके उज्जवल भविष्य कामना किय। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह राज अधीक्षक आईटीआई हसौद के अलावा सभी आईटीआई के कर्मचारी उपस्थित थे।

## आतंकवाद के खिलाफ देश को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता : मेमन

**जांजगीर-चांपा।** पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ उठाए गए सख्त कदमों की जिले के वरिष्ठ



कांग्रेस नेता मोहम्मद इब्राहिम मेमन ने सराहना की है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ देश को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया और एक महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने रखा। इब्राहिम मेमन ने कहा कि भारत के युवा मुस्लिमों में देशभक्ति की भावना प्रबल है और वे भी आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि देश के युवा मुस्लिमों की एक विशेष 'मुस्लिम रेजिमेंट' बनाई जाए, जिसकी तैनाती जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पर की जाए। उनका मानना है कि इससे न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक प्रत्यक्ष और असरदार जवाब भी खड़ा किया जा सकेगा।

**निधन**

### देवलाल साहू

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के प्रतिष्ठित नागरिक एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोधना में सेवारत



प्रधान पाठक देवलाल साहू का आकस्मिक निधन सोमवार 5 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार नैया तालाब स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र राजेश कुमार साहू ने दी । उनके अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### ग्रामीणों को विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई योजनाओं की जानकारी

# बंदोरा समाधान शिविर में 32 सौ से अधिक आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत ग्राम पचायत बंदोरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सुशासन तिहार 2025 समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बन्दोरा क्लस्टर में मालखरौदा जनपद पंचायत के ग्राम करिगाव, बन्दोरा, बुन्देली, ढिमानी, कर्रापाली, चरौदी, लिमगांव, चरौदा, सकर्रा, आमनदुला, पोता, मोहतरा, मुक्ता, बडेपाडरमुडा कलस्टर से 3219 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमे 3219 आवेदनों का निराकरण किया गया।

शिविर में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी/कर्मचारियो द्वारा प्राप्त आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया। विभिन्न विभाग द्वारा शासन के संचालित योजनाओ को आमजन के समक्ष शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई व हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्राशन, गोद भराई का कार्य किया गया, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, उद्यान विभाग द्वारा पौधो का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया, आयुर्वेद विभाग द्वारा शिविर में उपस्थित लोगो का जांच उपरांत दवाई वितरण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी गई। बंदोरा में आयोजित शिविर में लोकसभा क्षेत्र जांजगीर–चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, पुलिस अधिक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी श्री रूपेन्द्र पटेल, श्री टिकेश्वर गबेल जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा ,सरपंच नवधा राम लालू, रंजीत अजगल्ले सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण, स्व. सहायता समूहो के सक्रिय महिला सदस्य, ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहें।



शिविर में हितग्राहियों को ट्रायसिकल वितरण करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

## सारसकेला में हितग्राहियों को जॉब एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण

**मालखरौदा।** सारसकेला में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारसकेला में मालखरौदा जनपद पंचायत के ग्राम सारसकेला, भांटा, परसा, सपिया, सेरो, बोड़ासागर, कुधरी, कुलबा, फगुरम, झर्रा बड़ेमुडपार, बोकरेल से कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 42 का त्वरित निराकरण करके बाकी शेष 32 आवेदन को त्वरित निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया। समाधान शिविर में आवेदन का त्वरित निराकरण करके कलेक्टर ने जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड हितग्रहियों को प्रदान किया। इससे हितग्राहियों ने खुशी जाहिर किया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन के संचालित योजनाओं का आमजन के समक्ष जानकारी दिया गया। और कलेक्टर ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्राशन्न व गोद भराई का कार्य किया गया। इस शिविर मनरेगा के तहत जॉब कार्ड व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा शिविर में उपस्थित लोगो का जांच उपरांत दवाई वितरण किया गया।

# जिले में जहां-जहां की सड़कें खराब उसे शीघ्र करें मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार 6 मई को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन एवं रिपोर्ट तैयार करने कहा।

बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक यांत्रिक विभाग पर नाराजगी व्यक्त करते आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को जिले में जहां जहां की सड़के खराब है उन्हें मरम्मत करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार समाधान शिविर अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का विस्तार से समीक्षा करते हुए शेष आवेदनों का समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने समाधान शिविर में आमजनों को किसी भी प्रकार का समस्या न हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने निर्धारित शिविर स्थलों पर गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल, छाया एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, सहायक जिला कोषालय अधिकारी प्रदीप देवांगन, तहसीलदार विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा मनमोहन सिंह, श्रीमती गरिमा मनहर, श्रीमती सुशीला साहू, भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

- **बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक यांत्रिक विभाग पर व्यक्त की नाराजगी**

## किसान स्कूल में गायत्री यज्ञ शांति मंगल पाठ आयोजित



**बहेराडीह।** बहेराडीह स्थित किसान स्कूल में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की चौथी पुण्यतिथि पर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में सिवनी-चाम्पा के रामाधार देवांगन और बहेराडीह के श्रवण कुमार कश्यप द्वारा विश्व कल्याण के लिए शांति मंगल पाठ किया गया। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव व संरक्षक डॉ. सुरेश कुमार देवांगन ने बताया कि किसान स्कूल में प्रतिवर्ष स्व. कुंजबिहारी साहू की पुण्यतिथि पर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस दौरान गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता सिवनी-चाम्पा निवासी रामाधार देवांगन और बहेराडीह के श्रवण कुमार कश्यप के द्वारा विश्व के कल्याण के लिए मंत्रोच्चार के साथ शांति मंगल पाठ किया जाता है, वहीं उनकी जयंती पर किसान स्कूल में प्रतिवर्ष अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर किसान स्कूल परिवार की श्रीमती पुष्पा यादव, साधना यादव, पिंटू कश्यप, श्रवण कुमार कश्यप, उर्मिला यादव, राजाराम यादव और अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# अटैच शिक्षकों को मूल शाला में भेजा जाएगा वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के शिक्षा स्थायी समिति की प्रथम बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में मंगलवार 6 मई को संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा समिति के सभापति और जिला पंचायत के उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और संकल्प पारित किये गये।

- **जिला पंचायत शिक्षा स्थायी समिति की प्रथम बैठक में लिये गए महत्वपूर्ण निर्णय**

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बैठक में क्रमवार विषय से सम्बंधित एजेंडों को रखा गया जिसमे उपस्थित सभी अधिकारीयों ने जानकारी प्रदान की और उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया। बैठके में प्रमुख रूप से लिए गए निर्णयों में जितने शिक्षक यहां-वहां अटेच है उन्हें उनके मूल शाला में वापस भेजा जायेगा। निलंबित शिक्षकों को बहाल कर विभागीय जांच गठित की जायेगी जो शिक्षक लम्बी छुट्टी लेकर घर में आराम फरमा रहे है उन्हें नोटिस देकर बर्खास्त किया जायेगा, जिन सकूलों में पेय जल की परेशानी है उन्हें नल-जल योजना से जोड़ने हेतू राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा, मध्याह्न भोजन लकड़ी से बंद करके गैस से ही बनाना अनिवार्य किया जायेगा। जिले में संचालित 10 पी.एम. श्री स्कुल और 15 आत्मानंद स्कुलों में बायोमेट्रिक्स से उपस्थिति इसी शिक्षा सत्र से लागू किया जायेगा। शालाओं को उनके प्रदर्शन के आधार पर स्टार रैंकिंग के सिस्टम से जोड़ा जायेगा। नये सत्र के प्रारंभ के पूर्व शिक्षको के लिये कार्यशाला आयोजित की जायेगी। पी.टी.एम और मंथली टेस्ट को अनिवार्य रूप से हर स्कूलों में लिया जाना है। शिक्षा स्तर को ऊपर उठाने हेतु ऐसे बहुत सारे निर्णय शिक्षा स्थायी समिति की बैठक में लिये गए है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री भारद्वाज द्वारा समस्त विद्यालयों का एक एक कर सम्पूर्ण जानकारी रखी गई। श्री जयपुरिया ने कहा वे आने वाले समय में स्कूलों का औचक निरीक्षण भी करेंगे और जहां भी कमिया होंगी उसे दूर किया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज, डीएमसी राजकुमार तिवारी, पामगढ़ बीईओ मोहन कौशिक , अकलतरा बीईओ रत्नमाला सिंह, बलौदा बीईओ एस.आर. खांडे , नवागढ़ बीईओ विजय लहरे , डीपीओ विजया राठौर एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



बैठक में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया का स्वागत करते डीएमसी राजकुमार तिवारी।

## सरस्वती शिशु मंदिर का 98 रहा परीक्षा परिणाम

**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ,नगर संघ चालक एवं सेवा निवृत प्राचार्य दशरथ नामदेव, सेवा निवृत व्याख्याता जी डी रात्रे, अभिभावक, अभिभावक रवि वस्त्रकार एवं राजेंद्र के आतिथ्य में घोषित किया गया। जी डी रात्रे एवं ओम प्रकाश साहू ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करते हुए,अपने माता पिता गुरुजनों का आज्ञा पालन करते हुए जीवन में सफलता की ऊंचाई प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। कक्षा अरुण से ग्यारहवीं तक कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए छात्र-छात्राओं को अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों के द्वारा अंक पत्रक प्रदान किया गया। संचालन परीक्षा प्रमुख श्रीमती सत्या सिंह ने किया। आभार ज्ञापन प्राचार्य केशव कुमार कौशिक ने किया। कक्षा शिक्षकों के द्वारा अपनी अपनी कक्षा के छात्रों को अंक पत्रक वितरित किए। गृह परीक्षाओं में 447 बालक,384 बालिका कुल 831 उपस्थित ,7 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, जिनमें से 822 विद्यार्थी उत्तीर्ण 4 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण एवं पांच विद्यार्थी पूरक हैं, इस प्रकार विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 98.32 प्रतिशत रहा। 283 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 320 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 219 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण हुए। प्राचार्य केशव कौशिक ने उपस्थित छात्रों से ग्रीष्मावकाश में प्रतिदिन अगली कक्षा के पाठ्य पुस्तक का अध्ययन करने, सुंदर एवं शुद्ध लेखन हेतु गीत, कहानी, कविता, यात्रा संस्मरण एक पेज लिखने, अपनी अभिरुचि के कार्य करने तथा अनावश्यक गर्मी में घर से बाहर न निकलने का आग्रह किया।

# खनिज निगम अध्यक्ष ने भगवान लक्ष्मणेश्वर का किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व विधायक एवं खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह का परिवार सहित छत्तीसगढ़ की काशी लक्ष्मणेश्वर भगवान दर्शन कर रुद्राभिषेक करते हुए प्रदेश की जनता के लिए सुख शांति समृद्धि की कामना किया गया।

इस अवसर पर कोड़ाभाट मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद यादव अध्यक्ष नगर पंचायत, शरद चंद्र शर्मा महामंत्री,उपाध्यक्ष महेश्वर यादव एवं पदाधिकारी एवं पार्षदों के साथ बाजा फटाका फूल माला श्रीफल साल के साथ स्वागत किया गया। मंदिर दर्शन के पश्चात निगम अध्यक्ष द्वारा नगर विकास के लिए एवं मंदिर सौंदर्यकरण, शेड निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने को कहा गया। उनके साथ पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष महेश्वर यादव भागवत वक्ता ओम प्रकाश शर्मा ,बसंत यादव ,उत्तम सोनी, राजेश यादव अशोक आदित्य पुष्पराज त्रिपाठी इंद्र देवांगन के साथ पाषर्दगढ़ नेहरू राही, हे कृष्णा साहू,रुपेश यादव, गोविंद धृत लहरे, शोभित यादव,रामसाय यादव, सत्यम सीदार , राहुल यादव, रमायादव उपस्थित रहे।



खनिज निगम अध्यक्ष के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी।

# विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनाना शिक्षक का प्रथम कर्तव्य

**अकलतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवां की प्रधान पाठिका श्रीमती उषा जगत एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती संध्या जैन के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन जनपद पंचायत सदस्य महेंद्र ध्रुव, संकुल प्रभारी अजय मार्बल शैक्षिक समन्वयक अंबरीश सिंह बैस ,वरिष्ठ नागरिक रामजन्म ध्रुव,जगदीश आदित्य, चिमनलाल धीवर एवं दिनेश आदित्य के आतिथ्य में किया गया।

- **शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवां में सेवानिवृत्ति शिक्षिकाओं को दी गई विदाई**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्ति शिक्षक रामजन्म ध्रुव ने कहा कि शिक्षक केवल शासकीय कार्य से सेवानिवृत होता है, अपने शिक्षा प्रदान करने वाले कार्य से नहीं। सेवानिवृत्ति के पश्चात शिक्षक समाज के मार्गदर्शन में अपने अनुभव का लाभ प्रदान करें। शिक्षक का प्रथम कर्तव्य अपने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनाना है। यदि शिक्षक ने विद्यार्थियों को क्यों ,कब ,कहां ,कैसे, कौन जैसे शब्दों का प्रयोग करना सिखा दिया है तो ही शिक्षक अपने उद्देश्य में सफल माना जा सकता है। अंबरीश सिंह बैस ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासकीय सेवक के जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ होता है जिसमें व्यक्ति के पास मिश्रित भावनाओं का प्रवाह होता है। उनके सामने नई जीवनचर्या को अपने की चुनौती होती है। कार्यक्रम को शिक्षक देवेंद्र तिवारी एवं आशा देवांगन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला बरगवां परिवार के द्वारा श्रीमती उषा जगत एवं श्रीमती संध्या जैन को शाल ,श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक गौरी शंकर साहू, शिक्षक अजय साहू ,मेरी कंचन तिग्गा ,अमृत कंवर, नितिशा धीरेंद्र ,कुंती कंवर, सरला साहू एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




सेवानिवृत्त प्रधान पाठक व शिक्षिका को स्मृति चिन्ह प्रदान करता स्कूल स्टाफ।

# राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक के लिए स्काउटर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर ग्राम-जलकी सिरपुर जिला-महासमुंद के लिए डॉ सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के दिशा निर्देश पर हितेश यादव जिला मुख्य आयुक्त, ए के भारद्वाज ज़िला आयुक्त के मार्गदर्शन में जिले का दल रवाना हुआ ।

**खास बात**

- जलकी सिरपुर में 6 से 8 मई तक होगा आयोजन

जिला प्रभारी दीपक कुमार यादव जिला सचिव के नेतृत्व में पूरनलाल पटेल जिला प्रशिक्षण आयुक्त, अनिल कुमार सिदार सहायक सचिव, नेपाल सिंह कंवर, परमेश्वर सिंह टेकाम का दल रवाना हुआ। विदित हो कि स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर 6 से 8 मई तक ग्राम-जलकी, सिरपुर जिला-महासमुंद में आयोजित किया जा रहा है। जिला संगठन आयुक्त डॉ सुरेंद्र कुमार सोनी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड डॉ धनमत महंत, संयुक्त सचिव श्रीमती प्रेमलता साहू, श्रीमती अरुणा व्यास मिरी एडवांस गाइड कैप्टन, ए एल टी संजय यादव,मीडिया टीम के अनुभव तिवारी, कु श्वेता जायसवाल गाइड कैप्टेन ने बेहतर प्रदर्शन की कामना की है ।



जलकी सिरपुर के रवाना होता दल।

## गौ संवर्धन और जैविक खेती पर कार्यशाला 25 से

**जांजगीर-चांपा।** हरिवंश कृपा राम मिलेंगे आश्रम तेंदुवा धाम ग्राम पंचायत कुरियारी शिवरीनारायण में 25 मई से 27 मई तक गौसंवर्धन और जैविक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में देश कें ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल होंगे। उदघाटन प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम करेंगे। प्रदेश के किसान एवं नागरिक इसमें शामिल हो सकते है। किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन शुल्क की आवश्यकता नहीं है। रुकने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था आश्रम द्वारा की गई है। कार्यशाला को सफल बनाने राम शोध संस्थान रायपुर के संचालक नागेंद्र दुबे जुटे है। इस आयोजन में पद्मश्री उमाशंकर पांडे भी आएंगे। राम मिलेंगे आश्रम तेंदुवा धाम कुरियारी के डॉक्टर अशोक हरिवंश ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है।

